# हितग्राही अंशदान की राशि जल्द ही जमा करें 31 जुलाई को निकाला जाएगा लाटरी

**भिलाईनगर।** शासन की जनकल्याणकरी योजना मोर मकान–मोर आस एवं मोर मकान–मोर चिन्हारी का संचालन किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना घटक से निर्मित आवासों का आबंटन हेतु सक्षम स्वीकृति प्राप्त हुआ है। जिसके तहत मकान के कुल 10 प्रतिशत अंशदान राशि एवं व्यवस्थापन हेतु कुल हितग्राही अंशदान 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराकर नियमानुसार लाटरी निकाला जाएगा। सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का आबंटन लाटरी पद्वति से निगम सभागार में दिनांक 31.07.2025 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। पात्र हितग्राही जल्द ही अंशदान राशि जमा कर लाटरी में शामिल हो सकते है।

